दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 288 मुरादाबाद, 15 February 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने कहा, अनुशासन और सुशासन के प्रतिबिंब बने हैं जीआईएस-2023 और जी-20 समिट



सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति की प्रेरणा से प्रधानमंत्री के विजन के जीआईएस आशातीत सफलता प्राप्त करने वाला रहा। 10 हजार निवेशक एक साथ एक परिसर में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उपस्थित हुए। 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश वाली यह इन्वेस्टर्स समिट ने देश में एक रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत एक सप्ताह की अवधि में उत्तर प्रदेश ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और जी-20 के कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की है। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति की प्रेरणा से प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 आशातीत सफलता प्राप्त करने वाला रहा। 10 हजार निवेशक एक साथ एक परिसर में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उपस्थित हुए। 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश वाली यह इन्वेस्टर्स समिट ने देश में एक रिकॉर्ड बनाया है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे विकास में पिछड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड औद्योगिक निवेश आया है। समिट की यह सफलता उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाली होगी। उन्होंने कहा कि विधानमंडल के बजट सत्र से पूर्व सभी मंत्रीगण अपने प्रभार के जनपदों में भ्रमण करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों, व्यापारी वर्ग, युवाओं से भेंट करें और उत्तर प्रदेश के आर्थिक उत्थान से परिचय कराएं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के बारे में जानकारी दें। आम जनता को बताया जाए कि यह समिट किस प्रकार उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने वाला है। युवाओं के लिए सृजित हो रहे नौकरी-रोजगार के मौके के बारे में उन्हें जानकारी दें। इसके अलावा सभी मंत्रीगण अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। आयोजन करना है।

## कानपुर अग्निकांड - करीब 23 घंटे बाद उठाया गया शव, इस शर्त पर राजी हुआ पीड़ित परिवार



कानपुर देहात- रूरा के मड़ौली गांव में कब्जा हटाने के दौरान मां बेटी की जिंदा जलने के मामले में घटना के करीब 23 घंटे के बाद शव उठाया जा सका है। स्वजन की मांग थी कि मुख्यमंत्री को गांव बुलाया जाए व जो आरोपित मुकदमे में नामजद किए जाएं उनकी गिरफ्तारी हो, तभी शव उठने दिया जाएगा। काफी मान मनौव्वल और लेखपाल तथा एसडीएम को हिरासत में लिए जाने के बाद गांव वाले शव हटाए जाने के लिए राजी हुए। इस शर्त पर तैयार हुआ पीड़ित परिवार- उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से पूरे परिवार की बातचीत के बाद परिवार इस शर्त पर राजीव हुआ कि उनको मुख्यमंत्री से 1 सप्ताह के अंदर भेंट कराई जाएगी शासन स्तर से एक-एक करोड़ की राहत दिलाई जाएगी। पीड़ित परिवार के समर्थन में बजरंग दल, विहिप, कांग्रेस, भीम आर्मी समेत कई संगठन आ गए हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अधिकारियों से बात की है, किसी भी दोषी को हम बख्शेंगे नहीं। प्रशासनिक अधिकारी हों या पुलिस के अधिकारी हों, कानपुर में झुग्गी झोपड़ी पर जाकर जिन लोगों ने ऐसा काम किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट आज मिल जाएगी। दोनों को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। किसी जगह रखा गया है अधिकारी अभी बता नहीं रहे हैं। मामले को गरमाते देख गांव जाने वाले सभी रास्ते को पुलिस ने रोक दिया है। किसी भी नेता या बाहरी व्यक्ति को गांव में प्रवेश से पहले भरपूर चेकिंग का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि आम आदमी को भी गांव में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, सभी रास्तों पर पुलिस तैनात है। कांग्रेस के नेताओं को रोका गया- कानपुर देहात घटना स्थल पर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को उन्नाव के सोहरामऊ थाने में रोका गया है, कानपुर के रेल बाजार में कांग्रेसी नेता राजेश सिंह के घर से जिला अध्यक्ष कानपुर, प्रदेश सचिव वा अन्य एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता कानपुर देहात के लिए कुछ देर में रवाना होंगे। सपा विधायक को पुलिस ने पकड़ा- दिबियापुर से सपा विधायक प्रदीप यादव कानपुर देहात में हुई घटना मामले में कार्यकर्ताओं के साथ जा रहे थे। इंडियन आयल चौकी समीप हाईवे पर उन्हें पुलिस ने उन्हें रोक लिया। कहासुनी के दौरान वह सड़क पर ही बैठ गए। मामला तूल पकड़ता इससे पहले उन्हें हिरासत में लिया गया। वहीं कार्यकर्ता भी जुटने शुरू हो गए है। परिवार घर में था लेकिन सूचित किए बना निर्माण गिराने लगे-दिवंगत प्रमिला के बेटे शिवम दीक्षित तहरीर में लिखा कि इस जमीन पर हमारे बाबा निवास करते थे। 14 जनवरी को मैथा एसडीएम, लेखपाल व रूरा एसओ बुलडोजर लेकर बिना किसी सूचना के मकान गिराने आ गए। उस दिन कुछ निर्माण गिराया व 10 से 12 दिन का समय दिया गया कि इसे खुद गिरा लो। इसके बाद हम मवेशी संग कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां एडीएम प्रशासन ने सुनवाई नहीं की बल्कि बलवा का मुकदमा लिखवा दिया गया। इसके बाद सोमवार को यही लोग टीम लेकर आए और विपक्षी अशोक दीक्षित, अनिल दीक्षित, निर्मल, विशाल व बुलडोजर का चालक दीपक सुनियोजित तरीके से आए। परिवार घर में था लेकिन सूचित किए बना निर्माण गिराने लगे। आरोप है कि लेखपाल ने आग लगा दी और एसडीएम ने कहा कि आग लगा दो झोपड़ी में कोई बच न पाए। मुझे भी पीटा गया और एसओ व पुलिसकर्मियों ने आग में फेंकने की कोशिश की। आग से मेरी मां व बहन जलकर मर गईं जबकि पिता झुलस गए। दिवंगत महिला के बेटे शिवम दीक्षित ने दी घटना की तहरीर- कानपुर देहात में जमीन का कब्जा हटाने गई टीम के सामने मां-बेटी के जिंदा जलकर मरने की घटना पर सपा व कांग्रेस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने कानपुर में बलवंत सिंह की हत्या कर दी थी, अब भी प्रशासन निर्दोषों की मौत का कारण बन रहा।

## भाजपा बोली- बीबीसी का इतिहास भारत के खिलाफ काम करने का; इनका प्रोपोगैंडा-कांग्रेस का एजेंडा एक




बीजेपी ने कहा कि अगर वह भारत में काम कर रही है तो उसे भारत के कानून का पालन करना होगा। अगर कुछ गलत नहीं किया, कानून का पालन किया तो डर कैसा, चिंता कैसी। आयकर विभाग को अपना काम करने देना चाहिए। बीबीसी पर आयकर विभाग के सर्वे पर बीजेपी ने कहा कि चाहे वह कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी हो। यह हर भारतीय के लिए चिंता का विषय है। पहले कांग्रेस को यह समझना होगा कि भारत कानून और संविधान से चलता है और यह पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कोई भी जांच एजेंसी पिंजरे का तोता नहीं रही, जिसे कांग्रेस फटकार लगाएगी। यह अपना काम कर रही हैं। कोई भी एजेंसी हो, मीडिया से जुड़ी हो, कंपनी हो। अगर वह भारत में काम कर रही है तो उसे भारत के कानून का पालन करना होगा।

अगर कुछ गलत नहीं किया, कानून का पालन किया तो डर कैसा, चिंता कैसी। आयकर विभाग को अपना काम करने देना चाहिए। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि बीबीसी का प्रोपोगैंडा और कांग्रेस का एजेंडा एक साथ मेल खाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है, जी20 का नेतृत्व कर रहा है। लेकिन कुछ शक्तियों को यह नहीं भाता। लेकिन जब भारत आगे बढ़ता है तो जो भी विदेशी मीडिया एजेंसी हों या राहुल गांधी और अन्य सियासी दल हों, इन्हें यह पसंद नहीं आता। बीबीसी का इतिहास द्वेषपूर्ण तरीके से भारत के खिलाफ काम करने का रहा है। कांग्रेस को यह याद रखना चाहिए कि किस तरह से श्रीमति इंदिरा गांधी ने खुद बीबीसी पर बैन लगाया था। बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि किस तरह पत्रकारिता की आड़ में एक एजेंडा आगे बढ़ाया जाता है, वह मैं आपके सामने रखता हूं। बीबीसी द्वारा एक प्रोग्राम- %द अनलीश्ड% में प्रोग्राम के प्रेजेंटर ने कश्मीर में आतंकी कमांडर को करिश्माई युवा उग्रवादी बता दिया था। यह किस तरह की रिपोर्टिंग है! आप भारत में कार्य करना चाहते हैं और भारत की अखंडता को चोट पहुंचाने का प्रयास करते हैं। इसी तरह से पूरी दुनिया में भारत अपनी संस्कृति-विविधता के लिए जाना जाता है। यहां क्या त्योहार हैं, सबके क्या भाव हैं, वह बिना जाने बीबीसी ने कहा कि होली एक गंदा त्योहार है। इसके कई उदाहरण हैं कि बीबीसी की रिपोर्टिंग कितनी सतही और जहरीली है। बीजेपी ने कहा कि बीबीसी की एक प्रेजेंटर ने बेशर्मी से कहा था कि महात्मा गांधी भारत को 1942 में ही आजाद कराने में नाकाम रहे थे। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने भी बीबीसी को लताड़ लगाई थी। उन्होंने बीबीसी को बोल्शेविक ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन करार दिया था। अगर एक संस्था अपना कार्य कर रही है और अभी वह कार्रवाई पूरी भी नहीं हुई है। उसका निचोड़ और निष्कर्ष बाहर भी नहीं आया है। तो आखिर किस आधार पर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रही है। आपका चरित्र ऐसा बन गया है कि जो भी देशविरोधी ताकतें होंगी, वह उसके साथ ही खड़ी होंगी। चीन हो या बीबीसी और कई बार तो आतंकियों के साथ कांग्रेस का हाथ। यह सवाल बार-बार पूछा जाएगा।

## RLD अध्यक्ष जयंत चौधरी बोले- भाजपा के लिए हमारे दरवाजे बंद, जातिगत जनगणना को बताया सही




चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की राजनीतिक विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी ने कहा कि उनका गठबंधन राजस्थान, मध्यप्रदेश और हरियाणा सहित कुछ और राज्यों में भी चुनाव लड़ने की योजना बना चुका है। वे गठबंधन के साथ इन राज्यों के चुनावी युद्ध भूमि में उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के साथ उनके गठबंधन की कोई संभावना नहीं है। वे समाजवादी पार्टी के साथ बने हुए हैं और आगे भी बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके दरवाजे भाजपा के लिए हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं और दोनों दलों के साथ आने की कोई संभावना नहीं है। वे राष्ट्रीय लोकदल और गठबंधन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि वर्तमान केंद्र-यूपी सरकार किसानों के हितों के लिए असंवेदनशील है और अब तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल के वार्षिक अधिवेशन में जयंत चौधरी को अध्यक्ष के तौर पर एक और कार्यकाल मिल गया है। इस अवसर पर बात करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि भाजपा और उनके बीच गठबंधन की कोई संभावना नहीं है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा ने उनसे गठबंधन बनाने की कोई औपचारिक कोशिश नहीं की। केवल अमित शाह ने एक जनसभा के दौरान हमसे गठबंधन बनाने की कोशिश करने की बात कही थी, लेकिन उनसे औपचारिक तौर पर कोई संपर्क नहीं किया गया। चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की राजनीतिक विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी ने कहा कि उनका गठबंधन राजस्थान, मध्यप्रदेश और हरियाणा सहित कुछ और राज्यों में भी चुनाव लड़ने की योजना बना चुका है। वे गठबंधन के साथ इन राज्यों के चुनावी युद्ध भूमि में उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि दलित अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाले युवा नेता चंद्रशेखर आज़ाद के साथ उनका सहयोग जारी रहेगा। चुनाव के समय सीटों पर तालमेल बिठा कर वे सब साथ में लड़ाई लड़ेंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया गया है। जाहिर है कि अगले चुनाव में वे विकास को एक बड़े दावे के रूप में पेश करेंगे, जबकि आपके गठबंधन के नेता अखिलेश यादव जातिगत जनगणना को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि भाजपा के विकास के दावे का मुकाबला आप जातिगत जनगणना के सहारे कर सकेंगे? इस प्रश्न पर अपनी राय व्यक्त करते हुए जाट नेता जयंत चौधरी ने कहा कि इस तरह की घोषणाएं पहले भी की जाती रही हैं। जब तक ये जमीन पर नहीं उतरतीं तब तक इस तरह की घोषणाओं को बहुत भरोसे के साथ नहीं देखा जा सकता। इसके पहले की गई घोषणाएं केवल जुमला बनकर रह गईं। दूसरी बात, वर्तमान समय में समाज के विभिन्न वर्गों की संख्या की जमीनी सच्चाई सरकार को भी पता होनी चाहिए। सही आंकड़े होने के बाद ही उनके लिए विकास की योजनाएं बनाई और लागू की जा सकेंगी। किसानों पर एक प्रश्न के जवाब में चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार दूसरों से लड़ने की बजाय किसानों से लड़ती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के लिए कोई कार्य नहीं किया गया है। बार-बार के आश्वासन के बाद भी अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है। हर वर्ष किसानों की लागत बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार उन्हें कोई राहत देने का प्रयास नहीं कर रही है। उन्होंने कहा है कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। गुरनाम सिंह चढ़ूनी सहित कई किसान नेताओं को भी आरएलडी के राष्ट्रीय अधिवेशन में आमंत्रित किया गया था। इन नेताओं ने आने वाले चुनावों में किसानों के मुद्दे पर साथ आकर चुनावी लड़ाई लड़ने की बात कही।

## भारत ने तुर्किए और सीरिया को भेजी दो बड़ी मदद, स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 6 फरवरी को, हिंडन एयर बेस पर 12 घंटे के भीतर राहत सामग्री से भरे तीन ट्रक की व्यवस्था की गई, जिसमें जीवन रक्षक आपातकालीन दवाएं और सुरक्षात्मक सामान शामिल थे। देखभाल उपकरणों से युक्त आपातकालीन राहत सामग्री भेजी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने तुर्किए और सीरिया को आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान करने में अपने मंत्रालय के प्रयासों के बारे में ट्वीट करते हुए लिखा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की अपनी पुरानी परंपरा की भावना से दोनों देशों को सहायता प्रदान कर रहा है। मंत्रालय ने एक



बयान में कहा कि 6 फरवरी को, हिंडन एयर बेस पर 12 घंटे के भीतर राहत सामग्री से भरे तीन ट्रक की व्यवस्था की गई, जिसमें जीवन रक्षक आपातकालीन दवाएं और सुरक्षात्मक सामान शामिल थे। बयान में कहा गया है कि 5,945 टन आपातकालीन राहत सामग्री में 27 जीवन रक्षक दवाएं, दो प्रकार की सुरक्षात्मक वस्तुएं और तीन श्रेणियों के महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है। 10 फरवरी को तुर्किए और सीरिया दोनों के लिए बड़ी मात्रा में राहत सामग्री की व्यवस्था की गई थी। सीरिया के लिए भेजी गई खेप में 7.3 टन की 72 महत्वपूर्ण देखभाल दवाएं, उपभोग्य वस्तुएं और सुरक्षात्मक वस्तुएं शामिल हैं, जिनकी कीमत 1.4 करोड़ रुपये है, जबकि तुर्किए के लिए भेजी गई राहत सामग्री में 14 प्रकार के चिकित्सा और महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण शामिल हैं, जिनकी कीमत 4 करोड़ रुपये है।

## संपादकीय Editorial

# When does inflation witch go


Reserve Bank of India Governor Shaktikanta Das estimates that the inflation rate during the financial year 2023-24 may be 5.3 percent. Presently this rate is more than 6 percent, which seems to be crossing the fixed Lakshman Rekha. Not a dangerous situation though. On the one hand claims are being made to keep inflation under control, on the other hand the Reserve Bank has once again increased the repo rate. Now the repo rate at 6.50 per cent is the highest rate since 2018. The economics of the Reserve Bank has been saying that this can reduce inflation. Professional economics is just the opposite, because if there is no money in the market, demand will decrease. Decrease in demand has a direct impact on supply and production. Due to this, the growth rate of the economy also gets affected and decreases. Employment opportunities also reduce.

Bank loans definitely become expensive. Even the common man is affected by them. It is good that inflation may come down in 2023-24, because there are assembly elections in 10 states this year and in 2024 the decisive Lok Sabha elections are to be held. Here some new surveys have come out, in which inflation has been considered the biggest failure of the Modi government. The Reserve Bank Governor says that crude oil prices may fall further, as a result of which inflation may also decrease, but the fact is that crude oil prices have come down by $ 40 per barrel, yet their benefits are common. Not given to the consumer. Union Petroleum Minister Hardeep Puri had written a letter to the oil companies, urging that the losses of the companies have almost been recovered and the prices of crude oil are also under control, so the prices for the common consumer should be reduced. But the oil companies did not even heed the request of the Union Minister and the prices of petrol and diesel remained unchanged. Oil has a big role in increasing the rate of inflation. Crude oil has also become 135-140 dollars per barrel and has also rolled up to 30-40 dollars and is now hovering between 90-94 dollars per barrel. India is buying cheaper oil from Russia in its own currency. The question is why the common consumer does not get petrol, diesel etc cheap when oil is cheap? How long will oil continue to extract oil from the common man? No doubt, the Governor of the Reserve Bank has tried to assure that the rate of inflation will come under control during 2023-24, but it should also be kept in mind that India is not a 'controlled economy'. If the prices of any commodity have been made expensive, they will not be made cheaper even if oil prices fall or normalcy prevails. Another example is milk. If no regulatory agency is fixed to control and monitor its prices, then its condition will also become uncontrollable like oil. Of course retail and wholesale inflation rates are currently low. The prices of vegetables remained stable, but items like flour, rice, pigeon pea, urad and chana dal, rajma and mustard oil became costlier.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Shahid Kapoor is going to do a film based on real life, joined hands with the producer of 'Jersey'

As per reports, Shahid Kapoor and Aman Gill are coming together once again for another project. This film will be based on a real life story. Shahid Kapoor's web series Farzi has been released on OTT on 10 February. People are liking this series very much. Shahid Kapoor has debuted on OTT through this series. In this series, the dialogues, looks and style of the actor are very much liked by the fans. But this series has not got the success as expected. However, now Shahid Kapoor has joined hands with Jersey producer Aman Gill for another film. According to media reports, Shahid Kapoor and Aman Gill are once again coming together for another project. This film will be based on a real life story. Makers have started working on pre-production regarding this film. At present, only this much information related to the film has come to the fore. As of now, neither Shahid nor the makers have said anything about this film. Apart from this, talking about Shahid Kapoor's fake web series, apart from Shahid, Vijay Sethupathi has also appeared in an important role in it. In this series, Shahid has become an artist of fake notes and he is competing with Vijay Sethupathi. Not only this, the connection of The Family Man has also come to the fore from this series. From this it is being speculated that season 3 of The Family Man may also be released this year. On the work front, Shahid Kapoor also has Ali Abbas Zafar's Bloody Daddy in the pipeline. Let us tell you that Bloody Daddy is the official adaptation of the 2011 French film 'Nuit Blanche' (Sleepless Night). During an interview, Ali Abbas had said that for the first time in his career, he is most excited to see Shahid in a different action genre.



# Sonakshi Sinha broke silence for the first time on the question of looking like Reena Roy, said- I feel...

Talking about the two, Sonakshi said that I think it started when they were not even born. The actress told that she came to know about this when she was growing up. Sonakshi Sinha has worked in many superhit films till now. Sonakshi, who started her career with the film Dabangg, has so far worked with big stars like Salman Khan, Akshay Kumar, Ajay Devgan. In a recent interview given to a newspaper, Sonakshi Sinha spoke openly about her father Shatrughan Sinha and Reena Roy's affair. Talking about the two, Sonakshi said that I think it started when they were not even born. The actress told that she came to know about this when she was growing up. Talking about his father, he said that he cannot be crucified for what he had done many years ago. According to the actress, everyone has a past, her father too has a past. At the same time, when he was asked in the interview that his face matches Reena very much. On this Sonakshi said that my face resembles that of my mother Poonam Sinha. He rejected outright the similarity between the two. Please tell that a similar question was also asked to Reena Roy during an interview, then she told it just a coincidence. He said that sometimes this happens. Also, giving the example of his mother and Jitendra's mother, he had said that it seems that both are twin sisters. Talking about the work front, Sonakshi was recently seen in Double Axel. Huma Qureshi was also with him in the film. Although the film could not impress the people much and flopped the badly at box office.



# Akshay Kumar's first actress will return to the screen after 28 years, said- From this film...



Although there are many actresses from South Cinema to Hindi film industry who have won the hearts of the audience with their beauty and acting, one of them is Shanti Priya. This famous actress of the 90s is working in Sarojini Naidu's biopic after almost 28 years. Today is the birthday of Sarojini Naidu, the Nightingale of India. Bollywood is going to make a biopic of this freedom fighter who freed the country from the chains of slavery. Two actresses are going to play the character of Sarojini Naidu on screen. The film will feature Sonal Monteiro as young Sarojini Naidu, while Shanti Priya will play Sarojini Naidu between the ages of 35 and 70. Shanti Priya is going to return to the big screen after 28 years in this role. Shantipriya's first Pan India film - From South Cinema to Hindi film industry, Shantipriya is one of the many actresses who have won the hearts of the audience with their beauty and acting.

This famous actress of 90s is working in Sarojini Naidu's biopic after almost 28 years. This will be Shantipriya's first pan India film. Let us tell you that this biopic of Sarojini Naidu is being made in Hindi, Tamil-Telugu and Kannada languages. The first heroine of Akshay Kumar's film- Let us tell you that Shantipriya is the same actress with whom Akshay Kumar did his first film 'Saugandh'. . Very beautiful Shantipriya gave great films in her film career, but her personal life was very difficult. Shanti married actor Siddharth Ray in the year 1999. Siddharth died of heart attack in the year 2004, Shanti was only 35 years old at that time. Shanti and Siddharth have 2 children. I will recover what I have lost from this film - In an interview given about this film, Shantipriya said, 'With this, the story of Sarojini Naidu will reach a large number of viewers. We will shoot this film in three languages simultaneously. I am going to do the dubbing of Telugu, Tamil and Hindi. Sarojini Naidu herself was from South India, so if there is a little bit of that touch left in my Hindi, it will sound natural. This will be my first pan India film. Working in this biopic made me understand the process of working in new ways of the film industry. He further said- 'I have missed the big screen a lot. The time I have lost by being away from it, I am going to make up for it by working hard in this film.

# शासकीय योजनाओं की उच्च स्तर पर हो रही है मानीटरिंग बैंकर्स अपने स्तर पर प्रकरण लम्बित न रखें-एलडीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में बैंकर्स संवेदीकरण कार्यक्रम / जिला परामर्शदाता समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बैंकर्स द्वारा शासकीय योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नही दे पाने पर सभी बैंकर्स को निर्देश दिया कि शासन की विकासपरख योजनाओं में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर विकास योजनाओं को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स पाजिटिव सोच के साथ कार्य करें। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले अधिकांश लाभार्थी गरीब लोग होते हैं, अतः उनके प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ठीक प्रकार से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स शासकीय योजनाओं की प्रगति में विशेष ध्यान प्रदान कर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स एफ0पी0ओ0/ किसानों का सहयोगी बनकर कार्य करें, उनका खाता खोलने के सक्रियता बरतें। सरकार द्वारा कई योजनाओं में 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। दो हजार एफपीओ उत्तर प्रदेश एवं दो हजार केन्द्र सरकार द्वारा बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने डीडीएम नावार्ड को निर्देश दिए कि एफपीओ हेतु संचालित योजनाओं की गाइडलाइन जारी करें। जिला उद्यान अधिकारी ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं



के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया जितने भी एग्रीकल्चर से संबंधित योजनाएं हैं उनमें 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। एसबीआई एवं प्रथमा बैंक अक्का डिलारी द्वारा उद्यान विभाग के प्रकरण लम्बित रखने पर जिलाधिकारी ने तत्काल उक्त बैंको को आवेदन निस्तारण के निर्देश दिये। ग्राम सभाओं में कॉमन सर्बिस सेन्टर संचालन हेतु प्रधान एवं ए0डी0ओ0 पंचायत का संयुक्त खाता खोलने में उदासीनता बरतने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लीड बैंक मैनेजर को उक्त कार्य को प्राथमिकता से 7 दिन में कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को किसान सम्मान निधि के खातों में आधार पर सीड भी अपने स्तर से करने के निर्देश दिए। इण्डियन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि की बजह से जनपद का सीडीरेसियों कम होने पर जिलाधिकारी ने उक्त बैंकों के साथ ही अन्य बैंकर्स को भी सीडीरेसियों में वृद्धि करने के निर्देश दिये। सी0सी0एल0 एवं समूहों का खाता खोलने में बैंकों द्वारा लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों को तत्काल खाता खोलने के निर्देश दिये। डीसी एनआरएलएम ने बताया कि प्रथमा ग्रामीण बैंक ढकिया नरु, इस्लामनगर, केनरा बैंक सिकन्दरपुर, पीएनबी बैंक डिडौरा, प्रथमा बैंक लालाटीकर, केनरा बैंक कांठ, पीएनबी बैंक कांठ द्वारा खाता खोलने में सहयोग नही किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 1387 प्रकरण पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने बैंकर्स को पेंडेन्सी को तत्काल समाप्त कर आवेदन स्वीकृत कर ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। पी0ओ0 डूडा ने बताया कि स्टेट बैंक में 356, पीएनबी में 174,प्रथमा बैंक में 217, बैंक ऑफ बडौदा में 189 आवेदन लम्बित हैं। मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं में बैंकर्स द्वारा 513 आवेदनों में से 143 स्वीकृत तथा 311 पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने प्रथमा बैंक ग्रामीण , एसबीआई एवं केनरा बैंक को समय से प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। एलडीएम श्री विशाल दीक्षित ने बैंकर्स को बताया कि सभी शासकीय योजनाओं की उच्च स्तर पर मानीटरिंग हो रही हैं अतः बैंकर्स अपने स्तर पर आवेदन लम्बित न रखें तथा लापरवाही न बरते, सभी बैंकर्स समय से आवेदन स्वीकृत कर शासकीय योजनाओं को गति प्रदान करें। संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा ओ0डी0ओ0पी0 में जो बैंकर्स द्वारा प्रगति की गयी है, वह पोर्टल पर उपलब्ध नही है, अतः सभी बैंकर्स पोर्टल पर अपडेट कर दें, जो आवेदन स्वीकृति के लिए पेन्डिंग हो उन्हें समय से स्वीकृत कर ऋण वितरित कर दें। बैठक में डीडीएम नावार्ड श्री रजत सहगल, डीसीएनआरएलएम, संयुक्त उद्योग, कोआपरेटिव, उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहें।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए गुपचुप तरीके चार मंजिला मकान का निर्माण जारी

अफाक हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद महानगर मैं विभाग से निर्माण की जानकारी छुपाकर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए तेजी से निर्माण हो रहे है। लेकिन अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ऐसे निर्माणों पर अपनी नजर बनाए, लगातार ताबा तोड़ कार्रवाई कर रहा है।

विश्वसनीय सूत्रों से ऐसा ही एक अवैध निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि, विभाग से निर्माण की जानकारी छुपा कर थाना नागफनी क्षेत्र मोहल्ला किसरोल छींकलो के कुएं वाली गली मैं गुपचुप तरीके से निर्माण कार्य चल रहा है ।



बिल्डिंग मैं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कराया जा रहा है इस निर्माण करने वाले व्यक्ति का नाम कमर बताया जाता है। अब गुपचुप तरीके से गली में चार मंजिला मकान निर्माण का कार्य जारी है ।यह निर्माण मानकको के विपरीत बनवाया जा रहा है। जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के तेजतर्रार उपाध्यक्ष का साफ तौर पर आदेश है कि बिना मानचित्र के किसी भी बिल्डिंग का निर्माण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद भी तेज गति से अवैध रूप से निर्माण करवाया जा रहा है । अब देखना यह है कि इस अवैध निर्माण के विरुद्ध विभाग द्वारा कोई कार्रवाई होती है या नहीं, यह तो अब आने वाला समय बताएगा।

# जांच में खुल गया पूरा मामला, सचिव व प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रुपये लेकर अपात्रों को लाभ दिलवाने का एक मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान ने मिलकर दस अपात्रों से रुपये लेकर पीएम आवास योजना में शामिल करा लिया। इतना ही नहीं, एक अपात्र को किस्त भी जारी कर दी गई है। पूरे मामले में डीएम से शिकायत की गई। जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद थाना सकीट में खंड विकास अधिकारी शैली गोविल ने आरोपी ग्राम पंचायत सचिव बलराम यादव, इशारा पूर्वी की प्रधान मनीषा देवी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। चार दिन पहले डीएम अंकित कुमार अग्रवाल से गांव के ही एक व्यक्ति सचिन कुमार ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि विकासखंड सकीट के गांव इशारा पूर्वी में प्रधानमंत्री आवास अपात्र व्यक्तियों को रुपये लेकर दिए गए हैं। जो पात्र थे उनके पास रुपये न होने के कारण उन्हें लाभ नहीं दिया जा रहा है। शिकायत को डीएम ने गंभीरता से लेते हुए डीसी एनआरएलएम प्रतिमा निमेष को जांच करने के निर्देश दिए। डीसी एनआरएलएम ने गांव में जाकर जांच की। जांच में दस व्यक्ति अपात्र पाए गए। जांच रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत सचिव बलराम यादव ने प्रधान मनीषा देवी के माध्यम से अपात्र व्यक्तियों से धन लेकर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास वितरित किए।

अपात्रों को आवास दिए जाने में ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान की संलिप्तता पाई गई। खंड विकास अधिकारी सकीट ने ग्राम पंचायत इशारा पूर्वी के ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान के विरुद्ध थाना सकीट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके साथ ही पंचायत सचिव पर विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। डीएम ने सख्त निर्देश दिए हैं कि आवास योजना के तहत लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसओ सकीट अनुज चौहान का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज हो गई है। जांच की जा रही है।

बने हैं दो-दो मंजिला मकान, दिर्शाते हैं झोपड़ी में रहना-

एटा, । पीएम आवास योजना के तहत लाभ लेने के लिए अपात्रों ने आवेदन किया था। आवेदन के बाद जांच के लिए टीम जाती है। बताया जा रहा है कि अपात्रों ने खुद को झोपड़ी में रहना बताया था। इसके साथ ही योजना का लाभ लेने के लिए शपथ पत्र भी दिया था।

झूठा शपथ पत्र वाले अपात्रों पर भी कानूनी शिकंजा कस सकता है। ऐसे में पुलिस विवेचना में अपात्रों पर भी झूठी सूचना देने के मामले में नाम बढ़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि शिकायत पर अधिकारी ने मौके पर जाकर जांच की। जांच में सामने आया कि जिन लोगों ने आवेदन किया है उनमें कई लोगों के पास पक्के मकान हैं और कुछ के पास दो-दो मंजिला घर बने हुए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि एक अपात्र को 40 हजार की किस्त भी जारी हो गई है। मौके पर ऐसा दिखाया जाता था कि वह झोपड़ी में रहते हैं। ताकि उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। खंड विकास अधिकारी शैली गोविल ने बताया कि जिन्होंने जांच की है उनकी जांच में सामने आया है कि अपात्रों के पहले से पक्के घर बने हुए हैं। सकीट पुलिस विवेचना करेगी।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो ,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- आरोपी ने साथियों संग मिलकर छात्रा से दुष्कर्म कर वीडियो बना ली थी, छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास वीडियो वायरल की धमकी दे तीन साल किया रेप अलीगंज, कोचिंग पढ़ने जाते समय छात्रा के साथ आरोपी ने साथियों संग मिलकर दुष्कर्म करने के साथ ही वीडियो भी बना ली। वायरल करने की धमकी देते हुए तीन साल तक दुष्कर्म किया। आरोपी से परेशान होकर पीड़िता ने आत्महत्या का प्रयास किया। घरवालों को अपने साथ बीती पूरी घटना बताई, जिसे सुनकर होश उड़ गए। पिता ने तीन नामजद, एक अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली अलीगंज के एक गांव निवासी पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार को बेटी ने खुद को कमरे में बंद कर आत्महत्या का प्रयास किया। किसी तरह से समझा-बुझाकर कमरा खुलवाया और आत्महत्या करने का कारण पूछा। रोती हुई बेटी ने घटना की जानकारी दी। बेटी ने बताया कि करीब तीन, साढ़े तीन साल पहले वह कोचिंग पढ़ने जाती थी। कोचिंग पढ़कर लौटते समय आरोपी विनय उर्फ विजय, सौरभ निवासी देवतरिया जसरथरपुर, अंशुल, दो अज्ञात साथी निवासी नामालूम आएं और रास्ते में पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर गाड़ी में डालकर ले गए थे। सूनसान जगह पर ले जाकर आरोपी विजय ने दुष्कर्म किया। साथियों ने वीडियो, फोटो खींच ली थी। वापस गाड़ी से अलीगंज वाईपास पर छोड़कर चले गए थे। धमकी दी थी कि शिकायत करने पर वीडियो वायरल कर देंगे। आरोप है कि आरोपी ने अपने दोस्तों पर फोटो, वीडियो भेज दिए है।

## लोक-लाज के चलते अंदर ही अंदर घुटती रही छात्रा

अलीगंज। लोक-लाज के ड़र चलते बेटी अंदर-अंदर घुटती रही और वीडियो वायरल की धमकी से ड़री बेटी घरवालों को आपबीती नहीं बताई है। अब आकर बेटी ने घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने तहरीर पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि आरोपी, इसके साथियों ने घटना को अंजाम देने के बाद वीडियो, फोटो खींच लिए थे और सोशल एप पर वायरल करने की धमकी देते थे। जिसके चलते बेटी ड़री हुई थी। फोटो, वीडियो वायरल हो गए। बेटी घबरा गई थी और आत्महत्या का प्रयास किया था। एसएचओ अलीगंज प्रेमपाल सिंह का कहना है कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा जाएंगा।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम नें तीन झोलाछाप को थमाऐ नोटिस




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन मे डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम ने शहर के शिको हाबाद रोड स्थिति फर्जी नेशनल क्लीनिक पर छापा मारकर संचालक राघवेन्द्र सिहं को नोटिस दिया तो वहीं पिलुआ के पास ग्राम नरहौली में फर्जी डा.टिकंल व पिलुआ कस्बे में फर्जी डा.नेम सिहं के यहां छापामार कार्यवाही करते हुऐ नोटिस तामील कराया है ! स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी छापामार कार्यवाही से झौलाछापों मे हडकंप मचा हुआ है !

# अज्ञात कारण से फूस के मकान में लगी आग फूस का मकान जलकर राख



लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती -प्रेश्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेला गांव के मजरा मुरचहवा के निवासी बरसाती पुत्र नागेश्वर के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे घर में रखा सामान व बक्से में रखा सोने चांदी के जेवरात कुछ नदी सहित सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने अथर्क प्रयास के बाद आग पर काबू पायाऔर बगल में बने तालाब के पानी से आग बुझाया गया । सूचना पर पहुंचे मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक ने आग बुझाने में सहयोग प्रदान किया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने आग से जलकर हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# आप अपनी मांगों को लेकर अखबार से लेकर सड़क तक पहुंचे आपकी इस लड़ाई को मैं सुप्रीम कोर्ट में लड़ लूंगा अधिवक्ता-नीरज शर्मा



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- राजकीय औद्योगिक एंव कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ के मुक्ताकाश मंच पर ग्रामीण पत्रकारों का सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नीरज शर्मा अधिवक्ता मा. सुप्रीम कोर्ट दिल्ली, कृष्णपाल सिंह उर्फ लाला प्रधान जिला पंचायत सदस्य जट्टारी, दलवीर सिंह जिला जिला महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा, सुबोध जी दैनिक प्रवदा, आर.पी शर्मा दैनिक आज, डॉ राम कुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, राकेश गौतम, जय प्रकाश, गौरी शंकर शर्मा, अनार सिंह यादव मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पत्रकार सम्मेलन में सफल मंच संचालन का कार्य वरिष्ठ पत्रकार राहुल कुमार के द्वारा किया गया। बताते चलें कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगठन के जिला अध्यक्ष सुखवीर शर्मा व गभाना तहसील अध्यक्ष शकुन ठाकुर, खैर तहसील अध्यक्ष उमेश कुमार वर्वन, इगलास तहसील अध्यक्ष बहादुर सिंह, अतरौली के.पी राजपुत, कोल तहसील अध्यक्ष जितेन्द शर्मा व महानगर इकाई अध्यक्ष अमित जादौन सहित पत्रकारों ने सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र उड़ा कर उन्हें माँ सरस्वती जी की प्रतिमा भेट की तदुपरांत सभी मुख्य अतिथियों का मंच पर उद्बोधन हुआ। पत्रकार सम्मेलन में पहुंचे ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों ने मंच पर पहुंचकर अपने अपने विचार व्यक्त किये। वही कार्यक्रम में सभी पांचों तहसीलों सहित महानगर इकाइयों के सभी सदस्यों का जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा सहित मुख्य अतिथियों के द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह एव डायरी पेंसिल देकर उनका स्वागत सम्मान किया। पाचों तहसील अध्यक्षॉ में अपने जिलाध्यक्ष सुखबीर शर्मा का ग्यारह किलो फूलों की माला पहना कर जोरदारी से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नीरज शर्मा जी ने कहा कि पत्रकार अपनी मांगों को लेकर अखबार से लेकर सड़क तक संघर्ष करें उनकी सभी मांगों को मनवाने के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करूंगा। वह अपने आप को अकेला ना समझें, उनके साथ में खड़ हू। मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने पत्रकार एकता एवं पत्रकार जगत के मामले पर प्रकाश डाला पत्रकार सम्मेलन समापन के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सुखवीर शर्मा ने समस्त पत्रकार साथियों का धन्यवाद अदा कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पांचो तहसील अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का जिला अध्यक्ष सुखवीर शर्मा ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने मार्शल आर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनाएं



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू( भा.पु.से. ) से थांग-ता मार्शल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्हें निरंतर मेहनत तथा लगन से अभ्यास करने प्रोत्साहित किया है। दिनांक 1 से 3 फरवरी 2023 तक तमिलनाडू कन्याकुमारी में नेशनल थांग-ता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सूरजपुर जिले के 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शानदार मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते हुए निकिता यादव ने सिल्वर मेडल, प्रीति सिंह, सोनू राजवाड़े व कुंवर सिंह ने ब्रांज मेडल अर्जित कर सूरजपुर जिले सहित प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है कि यहां के खिलाड़ी नेशनल स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, आज खेल के क्षेत्र में सूरजपुर जिला काफी आगे निकल चुका है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे सफलता के नए आयाम स्थापित करें और देश, प्रदेश तथा जिले का नाम रोशन करें। इस दौरान खिलाड़ी चंदन कुमार, डोली कुजूर, हेमन्त राजवाड़े, विवेक राजवाड़े, सचिन सिंह व आलमगीर मौजूद रहे।

# नशे के अवैध कारोबार पर चैकी बसदेई पुलिस की कार्रवाई, 13 हजार रूपये का गांजा जप्त, एक गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 650 ग्राम गांजा व मोटर सायकल सहित 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा लेकर खोंपा की ओर से बसदेई की ओर जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस की टीम ने ग्राम लोधिमा में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित पारस राम बरगाह पिता रामलाल बरगाह उम्र 33 वर्ष निवासी पोकसरी, थाना बतौली को पकड़ा जिसके कब्जे से 650 ग्राम गांजा कीमत करीब 13000 रूपये का जप्त किया है। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, आरक्षक विश्वजीत सिंह, सुरेश साहू, निमेश जायसवाल, रामसागर साहू व देवदत्त दुबे सक्रिय रहे।

# नहर में पानी न आने से सूख रही है किसानों की हजारों बीघा जमीन,भाकियू ने किया धरना प्रदर्शन



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- अकराबाद - नानऊ पुल के निकट भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने अपने तमाम सहयोगियों के साथ नहर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी को लेकर उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। किसान नेता ने कहा कि धान की फसल के दौरान पानी की आबश्कता नहीं थी तो इतना पानी नहर में छोड़ दिया गया था जिसके चलते निचले क्षेत्रों में पानी भरजाने से किसानों की हजारों बीघा धान की फसल डूब गई थी। अब जब गेहूं की फसल के लिए पानी की आबश्कता है तो करीब दो महीने से नहर सूखी पड़ी है। किसान पानी के लिए तड़फ रहा है लेकिन नहर विभाग के अधिकारियों से बार बार कहने के बाबजूद उनके कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। सोमवार सुबह जैसे ही भारतीय किसान यूनियन के धरना प्रदर्शन की सूचना अधिकारियों तक पहुंची तो आननफानन में कौड़ियागंज पुलिस चौकी प्रभारी रुणिंत तोमर, नहर विभाग से तारबाबू हामिद खां, एसडीओ संजय कुमार तोमर धरनास्थल पर पहुंच गये और किसान नेताओं से बातचीत कर नहर में पानी छोड़े जाने का भरोसा दिलाकर धरना खत्म कराया। एसडीओ ने बताया है। कि मांचुआ झाल से नहर में पानी छोड़ दिया गया है। शाम छह बजे तक नहर में टैल तक पानी आ जायेगा। किसानों ने भी खबर लिखे जाने तक नहर में पानी आने की पुष्टि की है। धरना प्रदर्शन में भाकियू के तहसील उपाध्यक्ष किशन सिंह, प्रधान जेके सिंह, रामेश्वर प्रधान, राहुल सिंह,पिंटू ठाकुर, रामकिशोर सिंह,रंजीत सिंह,मोइनुद्दीन, चिंटू सिंह, रिंकू, कुशवीर सिंह, धीरुसिंह, नीतेश, बंटी सिंह, दीपू,देवेंद्र, श्रीपाल सिंह, शीलेंद्र पाल सिंह सहित यूनियन के तमाम लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का चरणबद्ध आंदोलन जारी है



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- ओड़गी छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 8 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की जा रही है ओड़गी मुख्यालय में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार धरना प्रदर्शन में बैठे हुए हैं इस मौके पर संघ( संबद्ध भारतीय मज़दूर संघकी प्रदेश महामंत्री संतोषी राजवाड़े धरना स्थल पर पहुंचकर 3 मार्च को होने वाला विधानसभा घेराव की रणनीति तैयार की गई इस मौके पर उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष श्यामपति देवांगन,नीतू सिंह,कौशिल्या दुबे,कांति,दयामनी,लक्ष्मी राजवाड़े,सुनीता यादव एवं काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# बैंड बाजे के साथ निकाली गई भगवान संभव नाथ का महा मस्तकाभिषेक यात्रा



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती -कटरा श्री दिगंबर जैन मंदिर श्रावस्ती तृतीय दिवस में भगवान संभव नाथ का महा मस्तकाभिषेक बड़ी धूमधाम के साथ सर्वार्थ सिद्ध तीर्थ क्षेत्र समिति एवं नवयुवक मंडल व जैन समाज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। महा मस्तकाभिषेक के इस पावन कार्यक्रम के दौरान मुनि शुभम सागर महाराज ससंघ का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। पंचकल्याणक महोत्सव के विधान आचार्य पवन कुमार दीवान मुरैना मध्यप्रदेश ने बताया कि प्रातः कालीन मेला में मंदिर ने मंत्रोच्चारण के बीचइंद्र के परिवेश में श्रद्धालुओं ने भगवान संभावनाथ की प्रतिमा का जलाभिषेक। वहीं सौधर्म इंद्र राजीव जैन बहराइच, कुबेर राजेश जैन नेपाल, यज्ञ नायक अरुण जैन बहराइच, चक्रवर्ती संजीव जैन वह मनीषा जैन बहराइच आदि में भूमिका निभाई। जुलूस में दस बग्गी, एक हाथी शामिल रहे। इस दौरान पूरे कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात के जैन पार्टी की मधुर स्वर्ग लहरिया गूंजती रही। इस मौके पर मुनि श्री सुधासागर ने कहा कि जीवन में स्वयं का कल्याण करना है तो अहिंसा, त्याग संयम यू दया का भाव धारण करना चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजीव जैन, अभय कुमार जैन उपाध्यक्ष जैन शोध संस्थान लखनऊ, महेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, नीलम जैन, अर्पणा जैन, मंजू जैन, ऋचा जैन, स्वरूप चंद्र जैन, कैलाश जैन, आदि जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे ।

# ऊपरकोट कोतवाली में पीड़ित महिला ललिता देवी की अति शीघ्र रिपोर्ट दर्ज कराई जाए- राकेश



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से ऊपरकोट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हड्डी गोदाम क्षेत्र की पीड़ित महिला ललिता देवी अपने परिवार के साथ उन्होंने बताया है कि उनके पड़ोस के ही लोगों ने उनके साथ मारपीट की छेड़खानी की बदतमीजी की जान से मारने की धमकी दी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में डीआईजी एसएसपी को पत्र लिखा है कार्रवाई की मांग की है पीड़ित महिला ललिता देवी ने बताया है कि उन्होंने सबसे पहले रिपोर्ट दी थी और लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की कोतवाली थाना पड़ता है ऊपरकोट पर पीड़ित महिला ने यह भी बताया है कि क्षेत्रीय दरोगा बालेंद्र सिंह निर्गुण को धमकाया और उनको चौकी थाने से भगा दिया इस तरह का व्यवहार दरोगा क्या बताया गया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है पीड़ित महिला की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तत्काल कोतवाली थाने मैं तत्काल रिपोर्ट दर्ज हो जो भी लोग दबंग हैं जिन्होंने इस महिला के साथ गलत व्यवहार किया है उनको गिरफ्तार किया जाए

# साधू के भेष में दो शातिर ठग गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती क्राइम ब्रांच व थाना सोनवा पुलिस टीम की संयुक्त टीम ने अभियुक्तगण 1.मेराज पुत्र मंसूर निवासी ग्राम जोगीपुरवा दा0 सिंघाही थाना फखरपुर जनपद बहराइच 2.याकूब पुत्र अयूब निवासी ग्राम टेपरी दा0 सिंघाई थाना फखरपुर जनपद बहराइच को दूबकला तिराहा से गिरफ्तार किया गया इनके कब्जे से 02 बण्डल बोरे में पीतल व फूल के 12 अदद बर्तन व रु0 3000 नगद बरामद किया गया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त मेराज पुत्र मंसूर के पास से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर भी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना सोनवा पर मुकदमा आर्म्स एक्ट बनाम मेराज पुत्र मंसूर निवासी ग्राम जोगीपुरवा दा0 सिंघाही थाना फखरपुर जनपद बहराइच पंजीकृत किया ।आपको बता दें कि वादी ओंकारनाथ पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम ठेगरहना थाना सोनवा पुलिस कार्यालय में जन-सुनवाई के दौरान वादी द्वारा बताया गया कि उसका एक भाई सत्य प्रकाश पुत्र रामनिवास नि0 ग्राम ठेगरहना थाना सोनवा जि0 श्रावस्ती विगत वर्षों से गायब है परन्तु 15 दिसम्बर सन् 2022 को तीन लोग साधु की वेशभूषा में मेरे घर आये और कहे कि हमे भिक्षा दे दीजिए मुझसे एक ने कहा मै आपका भाई हूँ लेकिन मां कालेश्वर मंदिर उज्जैन मध्य प्रदेश में गुरू दीक्षा लेकर रह रहा हूँ और कांसा, पीतल, लक्कड़, गुद्दर, लौंग, इलायची मैने एकत्रित कर लिया है और अब 989 महात्माओं को भोजन भण्डारा दि0 18 जनवरी 2023 को निश्चित किया गया है इसमें 3 लाख रुपये की आवश्यकता है लेकिन आप उज्जैन में आ करके भण्डारा करवाना है और हमे वहां से छुड़वाकर घर ले आये नही तो मुझे बंगाल भेज देंगे मै आपका भाई खींसू हूं और कहा दि0 18.01.2023 को 3 लाख रुपये देकर मेरा भण्डारा करवा दीजिए यह पैसा 11.01.2023 पैसा देंगे तो हम तैयारी नही कर पायेंगे तो मैने उनसे कहा कि कोई खाता नम्बर बताये जिस पर पैसे ट्रान्सफर कर दे तब उन्होने कहा कि हमारे पास कोई खाता नही है आप पैसा मुझे जरवल रोड या बाराबंकी या लखनऊ आकर के दी दीजिए मैने कहा कि मै आपको इन स्थान पर रुपया नही दे पाऊँगा आप सीधा घर पर आइये और घर से पैसा ले जाइये उन्होने कहा कि हमारे गुरूजी का आदेश नही है इसलिए मै बहराइच तक आ सकता हूँ और वह दि0 12.01.2023 को बहराइच लखनऊ रोडवेज पर आते है मुझे फोन करते हैं कि मै रोडवेज पर आ चुका हूं मुझे पैसे दे जाइये मै करीब 7 बजे के शाम को आसपास बहराइच पहुंचकर 2 लाख 50000/- रुपये उनके हाथ मे देता हूँ तत्पश्चात भंडारा में सम्मिलित होने के लिए दि0 18.1.23 को उज्जैन पहुंचा तो इन लोगो से मुलाकात नही हुयी इन तीनों व्यक्तियों ने अपना मोबाइल स्वीच आफ कर दिया इसके बाद कोई वार्ता नही हो पायी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों के द्वारा जनपद तथा बाह्यजनपदों में भी धोखाधड़ी की तमाम घटनाएं कारित की जाती रही है।